सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 08 मार्च, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा राजभवन में होली के अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, मीडिया तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों तथा अधिकारियों ने भागीदारी कर राज्यपाल को होली की बधाई दी।

राज्यपाल ने सभी लोगों से मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि हर्ष और उल्लास के रंगों से भरपूर होली का पर्व सभी के जीवन में सुख–समृद्धि और खुशहाली के रंग लेकर आये। उन्होंने कहा की यह त्योहार प्रदेशवासियों के जीवन में आनंद, उमंग और नई ऊर्जा का संचार करे।

मुख्यमंत्री ने भी होली के अवसर पर प्रदेशवासियों की सुख–शांति एवं समृद्धि के साथ खुशहाल जीवन की कामना की और कहा कि होली हमारी सनातन संस्कृति आपसी में आपसी भाईचारे का संदेश देती है। मुख्यमंत्री ने उमंग और आपसी सौहार्द के पर्व को आपसी सद्भाव तथा भाईचारे के साथ मनाने की सभी से अपील की।

............0.............